प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य सरकार ने साहित्य, संगीत नाटक और ललित कला अकादमी के गठन को दी मंजूरी, राज्य में विस्थापन और पुनर्वास आयोग भी बनेगा।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– नेतरहाट विद्यालय में अब छात्राओं का भी होगा नामांकन, इसी तर्ज पर तीन नये स्कूल खोलने की भी घोषणा की।**
3. **राज्य के छह जिलों में पीपीपी मोड में खोले जायेंगे मेडिकल कॉलेज, केन्द्र सरकार ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, भेजा सहमति पत्र।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज मनाया जा रहा है प्रकृति पर्व करमा, पूजा–अर्चना को लेकर अखरों में विशेष तैयारी।**
5. **इंडियन पारा क्रिकेट प्रीमियर लीग में भाग लेने झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के पांच खिलाड़ी कोयंबटूर रवाना, पांच से सात सितंबर तक होगी प्रतियोगिता।**

********************

राज्य सरकार ने राज्य में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साहित्य, संगीत नाटक और ललित कला अकादमी के गठन का निर्णय लिया है। राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। कैबिनेट ने राज्य में विस्थापन और पुनर्वास आयोग के गठन की नियमावली को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सरकार ने मुंबई में झारखंड भवन के निर्माण का भी निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कई अन्य स्थानों पर भी झारखंड भवन के निर्माण के लिए सरकार पहल करेगी।

********************

राज्य के नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब छात्राओं का भी नामांकन लिया जायेगा। रांची में मेधावी छात्र–छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर जल्द ही राज्य में तीन और नेतरहाट विद्यालय खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।

********************

राज्य के छह जिलों में मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल खोले जायेंगे। ये मेडिकल कॉलेज धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम में सदर अस्पतालों को अपग्रेड कर पीपीपी मोड में खोले जायेंगे। इस सिलसिले में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य सरकार को सहमति पत्र भेजा है।

********************

बिहार के बाद झारखंड में भी भारत निर्वाचन आयोग मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर चलाने की तैयारी में है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में एसआईआर की सभी तैयारी कर ली गयी है। चुनाव आयोग का निर्देश प्राप्त होते ही प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

********************

करमा पूजा, ईद मिलादुन्नबी और गणेश चतुर्थी पर विधि–व्यवस्था बनाये रखने को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में बैठक की। डीजीपी ने पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने समेत विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए कई दिशा–निर्देश दिये।

********************

दुमका के संताल परगना महाविद्यालय का 71वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो शामिल हुए। इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि शिक्षा की प्रतिस्पर्धा के दौर में संताल परगना महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं आगे बढ़ रहे हैं, जो सराहनीय है।

********************

धनबाद सदर अस्पताल की व्यवस्था में पिछले कुछ समय से साकारात्मक बदलाव आया है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज प्रकृति पर्व करमा मनाया जा रहा है। पूजा–अर्चना को लेकर विभिन्न मौजों के अखरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। इधर, करम पर्व की पूर्व संध्या पर कल रांची के मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में युवाओं की टोलियों ने नृत्य–गीत के जरिये जनजातीय संस्कृति का अद्भूत नजारा पेश किया।

********************

रांची समेत राज्यभर में मानसून फिर से सक्रिय है। पूरे राज्य में बादल छाये हुए हैं और रांची समेत राज्य के विभिन्न भागों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पांच सितंबर तक रांची और राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश होगी।

********************

इंडियन पारा क्रिकेट प्रीमियर लीग कप 2025 में हिस्सा लेने के लिए झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के पांच खिलाड़ी कोयंबटूर रवाना हो गये हैं। झारखंड से चयनित पांच खिलाड़ियों में जामताड़ा के मदसर खान, रामगढ़ के दीपक कुमार यादव, बोकारो के राजेश कुमार, साजिद अंसारी और हजारीबाग के जतिन कुमार शामिल हैं। ये सभी पांच से सात सितंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

**रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णयों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।**

**हिन्दुस्तान की सुर्खी है–** जेएसएससी में परीक्षार्थी अधिक तो पीटी–मेंस दोनों।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है–** शिक्षक दिवस पर तीन साल बाद अब फिर से राजकीय शिक्षक पुरस्कार शुरु, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता और मनोज कुमार चौबे होंगे सम्मानित।

**प्रभात खबर के शब्द हैं–** एसीबी ने आइएएस विनय चौबे को रिमांड पर लिया।

**दैनिक जागरण लिखता है–** रामदास के बड़े पुत्र सोमेश सोरेन लड़ सकते हैं उपचुनाव।

*******समाप्त*************